**CLASS : 12th** (Sr. Secondary) **Code No. 2U3**

**Series : SS-April/2021**

*Roll No.* | | | | | | | | | | |

# हिन्दी (कोर)

## भाग – II

### (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

*(Academic)*

(Only for Fresh/School Candidates)

- *कृपया जाँच कर लें कि **भाग-II** के इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** तथा प्रश्न **40** हैं।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इ सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

---

*नोट : (i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) शुद्ध, सार्थक तथा तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांत की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*

*(iii) प्रश्न क्रमांक **1** से **40** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है। सही उत्तर अप उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।*

***निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर उत्तर पुस्तिका में लिखिए :***

**1.** संधि के कितने भेद होते हैं ?

(क) दो (ख) पाँच

(ग) तीन (घ) चार

**2.** 'प्रति + उपकार' की सन्धि है :

(क) प्रतिउपकार (ख) प्रतुपकार

(ग) प्रत्युपकार (घ) प्रतुप्कार

3 'अत्याचार' का सन्धि-विच्छेद है :

(क) अत्य + चार
(ख) अति + आचार
(ग) अ + चार
(घ) अति + उचार

4. जिस समास में दोनों पर समान रूप से प्रधान हो व हैं :

(क) तत्पुरुष
(ख) द्वंद्व
(ग) द्विगु
(घ) कर्मधारय

5. 'दाल-रोटी' का विग्रह होगा :

(क) दाल में रोटी
(ख) दाल या रोटी
(ग) दाल और रोटी
(घ) दाल में बनी रोटी

6. 'वनवास' का समास विग्रह होगा :

(क) वन का वास
(ख) वनवासी
(ग) वन में वास
(घ) वन के लिए वास

7. वाक्य शोधन कीजिए :

'तुम तुम्हारे घर जाओ'

(क) तुम अपने घर जाओ
(ख) घर जाओ तुम अपने
(ग) अपने घर जाओ तुम
(घ) घर तुम अपने जाओ

8. शुद्ध वाक्य बताइए :

(क) वह लोग अच्छे हैं
(ख) वे लोग अच्छे हैं
(ग) अच्छे हैं वे लोग
(घ) लोग अच्छे हैं वे

9. 'रघुपति राघव राजाराम' में अलंकार है :

(क) रूपक
(ख) उपमा
(ग) अनुप्रास
(घ) अतिशयोक्ति

10. जिस अलंकार में उपमेय और उपमान में अभेद होता है वह अलंकार है :

(क) रूपक
(ख) उपमा
(ग) उत्प्रेक्षा
(घ) अतिशयोक्ति

**11.** 'हो जाए न पथ में रात कहीं' सोचकर कौन जल्दी-जल्दी चलता है ?

(क) चिड़िया (ख) कबूतर

(ग) पंथी (घ) चिड़िया के बच्चे

**12.** किसके बच्चे प्रत्याशा में हैं :

(क) पंथी के (ख) कवि के

(ग) चिड़िया के (घ) लेखक के

**13.** 'कैमरे में बंद अपाहिज' करुणा के मुखौटे में छिपी किसकी कविता है ?

(क) क्रूरता की (ख) दया की

(ग) ममता की (घ) सहानुभूति की

**14.** 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता में कैमरा एक साथ क्या दिखाना चाहता है ?

(क) सामान्य व्यक्ति की दुर्दशा (ख) समाचार और खेल

(ग) दर्शक और अपाहिज रोते हुए (घ) नए और पुराने कार्यक्रम

**15.** 'सहर्ष स्वीकारा है' कविता में कवि की आत्मा कैसी हो गई ?

(क) कमजोर (ख) दृढ़

(ग) संवेदनशील (घ) समर्थ

**16.** 'सहर्ष स्वीकारा है' कविता में कवि कहाँ लापता होना चाहता है ?

(क) आकाश में (ख) वायु में

(ग) बादलों में (घ) अंधेरी गुफाओं में

**17.** 'सहर्ष स्वीकारा है' कविता में बहलाती, सहलाती आत्मीयता क्या नहीं होती है ?

(क) खत्म (ख) बरदाश्त

(ग) कम (घ) ज्यादा

**18.** लक्ष्मण के जीवित होने की खबर सुनकर रावण किसके पास जाता है ?

(क) मेघनाद (ख) कुंभकरण

(ग) राम (घ) हनुमान

**19.** लक्ष्मण के मूर्च्छित होने पर सामान्य मनुष्य की तरह कौन विलाप करने लगता है ?

(क) राम (ख) हनुमान

(ग) वानर (घ) सीता

**20.** 'उषा' कविता में प्रातःकालीन नीला आकाश किसके जैसा बताया गया है ?

(क) केसर (ख) शंख

(ग) सिल (घ) सिंदूर

**21.** 'सदके फ़िराक एज़ाजे-सुखन के कैसे उड़ा ली ये आवाज़' पंक्ति में भाषा कौन-सी है ?

(क) तत्सम् प्रधान (ख) तद्भव प्रधान

(ग) ब्रजभाषा (घ) उर्दू-फ़ारसी

**22.** श्री राम के मतानुसार पंखों के बिना किसकी स्थिति दयनीय होती है ?

(क) पक्षी की (ख) मछली की

(ग) वानर की (घ) सर्प की

**23.** श्री राम ने किसकी हानि को विशेष हानि नहीं बताया ?

(क) पत्नी की (ख) भाई की

(ग) मित्र की (घ) बहिन की

**24.** लेखिका द्वारा पुकारी जाने पर भक्तिन क्या कहती थी ?

(क) जी (ख) ऑय

(ग) हाँ, जी (घ) आई मालकिन

**25.** भक्तिन का विवाह किस उम्र में हुआ था ?

(क) पाँच वर्ष (ख) नौ वर्ष

(ग) सात वर्ष (घ) छह वर्ष

**26.** बाजार दर्शन पाठ में लेखक का मित्र किसके साथ बाजार गया ?

(क) पत्नी (ख) दोस्त

(ग) लेखक (घ) अकेला

**27.** 'काले मेघा पानी दे' पाठ में लेखक को किस सभा का उपमंत्री बनाया गया ?

(क) आर्य समाज (ख) ग्राम सुधार

(ग) विधानसभा (घ) कुमार सुधार सभा

**28.** लुट्टन सिंह ने किस नामी पहलवान को पटककर हरा दिया था ?

(क) अफजल खाँ (ख) काला खाँ

(ग) अब्दुल खाँ (घ) कल्लू खाँ

**29.** लुट्टन पहलवान के चाँद सिंह को कहाँ के दंगल में हराया ?

(क) जामनगर (ख) श्यामनगर

(ग) भावनगर (घ) चाँद नगर

**30.** साफिया अपने भाइयों से मिलने कहाँ जा रही थी ?

(क) ढाका (ख) कराची

(ग) लाहौर (घ) अमृतसर

**31.** आधुनिक सभ्य समाज कार्यकुशलता के लिए किसे आवश्यक मानता है ?

(क) जाति प्रथा को (ख) श्रम विभाजन को

(ग) शिक्षा को (घ) प्रोत्साहन को

**32.** फ्रांसीसी क्रांति के नारे में कौन-सा शब्द विवाद का विषय रहा है ?

(क) राजतंत्र (ख) स्वतंत्रता

(ग) समता (घ) भाईचारा

**33.** साफिया नमक किसके लिए ले जा रही थी ?

(क) अपने भाई के लिए (ख) भाभी के लिए

(ग) सिख बीबी के लिए (घ) अपने घर के लिए

---

**34.** पुड़िया में क्या था ?

(क) नमक (ख) कीनू

(ग) केला (घ) चीनी

**35.** कहानी की पुस्तक कस्टम अधिकारी को कब मिली ?

(क) परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर (ख) सालगिरह के अवसर पर

(ग) लाहौर जाने पर (घ) ठीक काम करने पर

**36.** 'श्रम विभाजन और जाति प्रथा' पाठ के लेखक है ?

(क) प्रेमचन्द (ख) विष्णु खरे

(ग) रघुवीर सहाय (घ) भीमराव अम्बेडकर

**37.** भारत में इंटरनेट का दूसरा दौर कब शुरु हुआ ?

(क) 1983 (ख) 1993

(ग) 2003 (घ) 2013

**38.** किसी समाचार संगठन में काम करने वाला नियमित वेतनभोगी कर्मचारी क्या कहलाता है ?

(क) पूर्णकालिक पत्रकार (ख) अंशकालिक पत्रकार

(ग) फ्रीलांसर पत्रकार (घ) वेतनभोगी पत्रकार

**39.** नाटक का सबसे जरूरी और सशक्त माध्यम है ?

(क) मधुर आवाज (ख) भाषा

(ग) परदा (घ) संवाद

**40.** भारत का पहला छापाखाना कहाँ स्थापित हुआ ?

(क) दिल्ली (ख) सूरत

(ग) गोवा (घ) अहमदाबाद